दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 03 मुरादाबाद, 23 April 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com



## मुख्यमंत्री योगी बोले- आज नौकरियों में भाई-भतीजावाद नहीं, पारदर्शी चयन होता है



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्षों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश में बदले माहौल पर भर्तियों के लिए किए गए बदलाव पर चर्चा की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अपनी विशेषता के साथ संभावनाओं के लिए भी जाना जाता है। आज उत्तर प्रदेश माफिया के गठजोड़ नहीं बल्कि महोत्सव प्रदेश के रूप में जाना जाता है। जब पीएम मोदी ने देश का नेतृत्व संभाला तो यूपी में भी छटपटाहट हुई। छह साल में यहां भी बदलाव आया है। राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्षों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, चयन बोर्ड, पुलिस भर्ती की परीक्षा में शिकायत और सैकड़ों केस थे। पुलिस विभाग में डेढ़ लाख पद खाली थे। भर्तियों में भाई-भतीजावाद और जातिवाद था।उन्होंने कहा कि यह सारा खेल सामाजिक न्याय का मुखौटा लगाकर किया जाता था। हमने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया। इसमें भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं है। अच्छे अधिकारी तैनात किए।

छह साल में 1.64 लाख पुलिसकर्मियों की भर्ती की जिसमें सभी 75 जिलों को प्रतिनिधित्व मिला है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरे देश के लिए नजीर बनी है। आज प्रदेश में कोई दंगा नहीं होता है। आज ईद है। ईद की नमाज सड़क पर नहीं ईदगाह में पढ़ी जा रही है। कानून का राज सबके लिए समान है।

## कैमरे में कैद हुईं ईद की तस्वीरें: कहीं गले मिलते दिखे नन्हें बच्चे, कहीं मेले में मस्ती करते



देशभर में आज ईद मनाई जा रही है। वाराणसी में शनिवार को धूमधाम से ईद का पर्व मनाया जा रहा है। इससे पहले रमजान माह के अंतिम दिन शुक्रवार को चांद दिखने के साथ शनिवार को ईद की नमाज शहर से लेकर ग्रामीणांचल के ईदगाहों में अकीदत के साथ अदा की गई।

इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। विद्यापीठ स्थित ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ने के बाद सभी ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। चौबेपुर के बनकट गांव में ईद की नमाज पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। मुस्लिम बंधुओं ने कोविड-19 पालन करते हुए मस्जिदों, ईदगाहों में नमाज अदा की। कई जगह लोगों ने अपने अपने घरों में भी नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईद पर मस्जिदों के आसपास मेले जैसा माहौल रहा। छोटे बच्चों के खेल खिलौने से लेकर खाने-पीने तक की दुकानें सजी रही। लोगों ने और छोटे बच्चों ने खरीदारी की और जरूरतमंदों को दान भी किया।वाराणसी के लाट सराइयां में ईद के मेले में बच्चों ने खूब मस्ती की। नए-नए कपड़ों में एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी।

## ईद के मौके पर लखनऊ ईदगाह में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ नजर आए अखिलेश यादव




लखनऊ- ईद के मौके पर शनिवार सुबह ईदगाह में हजारों की संख्या में लोगों ने नमाज पढ़ी। पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सभी को मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में मुस्लिम भाई-बहनों के जीवन स्तर को सुधारने और उसमें बदलाव लाने के लिए योगी सरकार पूरी इमानदारी के साथ काम कर रही है। ईद हिंदू-मुस्लिम भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब का त्योहार है। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रयागराज की घटना की जांच जारी है। योगी सरकार जनता के लिए पूरी इमानदारी के साथ काम कर रही है। इस दौरान अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, सपा की मेयर प्रत्याशी डा. वंदना मिश्रा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ब्रजलाल खाबरी व अन्य लोग मौजूद रहें।सभी ने अमन चैन के साथ त्योहार मनाने की अपील की। सभी ने सिवइयां खाई। एक दूसरे के गले लगकर ईद की बधाई दी।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में ईद की नमाज हुई। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने तकरीर पढ़ी। ईदगाह कमेटी की ओर से सिवइयों, शरबत और तमाम व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी।

### अलकायदा की धमकी पर बोले सपा अध्यक्ष, अधिकारियों से पूछे सवाल

इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से पत्रकारों ने अतीक-अशरफ शूटआउट के बाद अलकायदा की धमकी पर सवाल किया। इस पर उन्होंने कहा कि यह सवाल अधिकारियों और सरकार से पूछे। त्योहार के दिन अधिक्तर दिल्ली और नोएडा से भी यह सवाल उठते हैं। इस पर सरकार और अधिकारी ही अच्छा जवाब देंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना होनी चाहिए। जातिगत जनगणना से ही रामराज्य आएगा। तभी देश और प्रदेश का विकास हो सकता है। आज के माहौल में लोग डरे हुए हैं। बेरोजगारी चरम पर है। किसान को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए वह नहीं मिल रही हैं। अखिलेश ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि सभी को एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए। सभी को ईद की मुबारकबाद दी।

## सनसनीखेज खुलासा: बेटे असद अहमद के संपर्क में था अतीक-अशरफ को मारने वाला अरुण, सामने आया चौंकाने वाला कनेक्शन



माफिया के गढ़ में ही उसे ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतारने वाले लवलेश तिवारी, अरुण मौर्य और सनी सिंह के बारे में रोज नई सूचनाएं सामने आ रही हैं। अब शूटर अरुण मौर्य का अतीक के बेटे असद जोकि पुलिस एनकाउंटर में ढेर हो चुका है उससे कनेक्शन सामने आया है जांच बढ़ने के साथ ही अतीक-अशरफ हत्याकांड की परतें खुलने लगी हैं। इस हत्याकांड में अब चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सांसद और माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को गोलियां बरसाकर मौत की नींद सुलाने वाले कातिलों में शामिल अरुण मौर्य शेर-ए-अतीक व्हाट्सएप से भी जुड़ा था। यह ग्रुप अतीक के बेटे असद ने खुद बनाया था। इस व्हाट्सएप ग्रुप में प्रयागराज के अलावा कौशांबी, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सुल्तानपुर, कानपुर सहित यूपी के 20 से ज्यादा जिलों के साथ ही दूसरे प्रदेशों के भी तमाम लोग जुड़े थे। इस ग्रुप से माफिया का हत्यारा अरुण मौर्य भी जुड़ा था। हालांकि बाद में वह ग्रुप से अलग हो गया था। अरुण मौर्य के ग्रुप से जुड़ने का मतलब है कि अरुण और असद की जान पहचान पहले से ही थी। मीडिया में चल रही खबरों के मुताबिक अरुण काफी समय तक इस ग्रुप से जुड़ा था और सक्रिय भागीदारी निभा रहा था। उसने ग्रुप क्यों छोड़ा इसकी पूछताछ उससे की जा रही है।

### रोज सामने आ रही हैं नए सूचनाएं

पुराना शहर माफिया अतीक अहमद का गढ़ माना जाता रहा है। यहां उसकी खिलाफत करके कोई चैन से नहीं रह सकता था, वह चाहे कितना भी बड़ा व्यापारी, अधिकारी या राजनेता ही क्यों न हो। पुराने शहर में उसके तमाम मददगार और करीबी रहते हैं जो उसके लिए काम करते थे। माफिया के गढ़ में ही उसे ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतारने वाले लवलेश तिवारी, अरुण मौर्य और सनी सिंह के बारे में रोज नई सूचनाएं सामने आ रही हैं।

### बाद में अरुण ग्रुप से हो गया था अलग

मीडिया छपी रिपोर्ट और पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस की पूछताछ में कासगंज के अरुण मौर्य ने बताया कि झांसी में एनकाउंटर में मारे गए अतीक अहमद के बेटे असद के शेर-ए-अतीक ग्रुप से वह जुड़ा था। बाद में वह इससे अलग हो गया।

### ग्रुप में किया जाता था अतीक अहमद का महिमामंडन

शेर ए अतीक ग्रुप माफिया अतीक अहमद के महिमामंडन के लिए बनाया गया था। इस वॉट्सएप ग्रुप में ऐसे वीडियो और फोटो शेयर किए जाते थे, जिसमें अतीक के बादशाहत की दास्तां बताई जाती थी। उसके दहशत और लोकप्रियता के बारे में वीडियो और फोटो के माध्यम से बताया जाता था। ऐसी ही कई वीडियो-फोटो इस ग्रुप में जुड़कर अतीक के हत्यारे अरुण मौर्य ने भी देखी होंगी, हो सकता है कि अतीक जैसा बनने की प्रेरणा उसे इसी ग्रुप से मिली हो। हालांकि बाद में अरुण मौर्य ने ये वॉट्सएप ग्रुप छोड़ दिया और गैंग 90 नाम के दूसरे वॉट्सएप ग्रुप से जुड़ गया। ये सारी जानकारी स्क्वॉड के हाथ लग गई हैं।

## राहुल गांधी ने खाली किया अपना आधिकारिक आवास, थरूर बोले- यह नियमों के प्रति उनका सम्मान दिखाता है



राहुल गांधी केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र के सांसद रह चुके हैं। सुरत कोर्ट ने 23 मार्च को उन्हें मानहानि मामले पर दो साल की सजा सुनाई थी और उनकी लोक सभा सदस्यता भी रद्द कर दी गई थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सांसद के तौर पर मिला अपना आधिकारिक आवास खाली कर दिया है। उनके इस कदम की कांग्रेस नेता शशि थरूर ने तारीफ की है। थरूर ने कहा कि राहुल का ये कदम अनुकरणीय है। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मोदी सरनेम मामले में दोषी करार देते हुए कोर्ट ने उन्हें लोकसभा सांसद के रूप में अयोग्य करार दिया था। सदस्यता जाने के बाद उन्हें सरकारी बंगले भी खाली करने को कहा गया, जिसकी आखिरी तारीख 22 अप्रैल थी। इसी आदेश को मानते हुए राहुल गांधी ने 22 अप्रैल शनिवार को 12, तुगलक लेन स्थित अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया। फिलहाल वो अपनी मां सोनिया गांधी के साथ रह रहे हैं और नए आवास की तलाश में है। राहुल शनिवार को सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से लोकसभा सचिवालय में अपनी चाबियां नहीं सौंप पाए। इससे पहले शुक्रवार को वह बंगले से अपना सामान शिफ्ट करते हुए भी दिखे थे। राहुल गांधी के सरकारी बंगला खाली करने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ट्वीट पर लिखा- राहुल गांधी ने लोकसभा के आदेश पर तुगलक लेन में स्थित अपने सरकारी बंगले को खाली कर चुके हैं। अदालत ने उन्हें अपील के लिए 30 दिन का समय दिया था। एचसी या एसीसी उन्हें पुनः बहाल कर सकती है, लेकिन उनका बंगला छोड़ने का निर्णय, नियमों के प्रति उनके सम्मान को दर्शाता है। लोकसभा सचिवालय को लिखे अपने पत्र में बंगला खाली पर राहुल गांधी सहमति जताते हुए लिखा- पिछले चार बार से लोकसभा के निर्वाचित सदस्य के तौर पर यहां बिताए अपने समय की सुखद यादों के लिए एहसानमंद हूं। अपने अधिकारों के प्रति पक्षपात के बिना मैं निश्चित रूप से आपके पत्र किए विवरण का पालन करूंगा। बता दें कि राहुल गांधी केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र के सांसद रह चुके हैं। सुरत कोर्ट ने 23 मार्च को उन्हें मानहानि मामले पर दो साल की सजा सुनाई थी और उनकी लोक सभा सदस्यता भी रद्द कर दी गई थी। उन्होंने कोर्ट के फैसले को चुनौती भी दी लेकिन कोर्ट ने उनकी अपील को खारिज कर दिया था।

## संपादकीय Editorial

# Court verdict on Rahul

The judge of the Surat sessions court uttered only one word – 'dismissed.' And dismissed Rahul Gandhi's petition. The Congress leader challenged the decision of the lower court, under which Rahul Gandhi was sentenced to 2 years. As a result his MP was dismissed. If this sentence continues, Rahul will be 'disqualified' from contesting elections for 6 years and after all appeals are rejected, he can also be sent to jail. Of course he will challenge the sessions court's decision in the Ahmedabad High Court, revealed senior Supreme Court lawyer and Congress Rajya Sabha MP Abhishek Manu Singhvi. Rahul Gandhi will remain on bail till the final disposal of the appeal.

The matter is of criminal defamation, but has more to do with Gandhi family supremacy and Congress politics. The then Congress President had raised the question on April 11, 2019, during the Kolar election rally in Karnataka, that why all the thieves are Modi - Nirav Modi, Lalit Modi, Narendra Modi? If you search, you will find more names. In 'Modi surname', Rahul Gandhi had also taken the name of the country's Prime Minister Modi.

We have heard the statement time and time again. Surely this was a grossly objectionable and insulting statement. It also reflects Rahul's personal prejudice and hatred towards PM Modi. What was the statement's relation with the election? In response, Surat West's BJP MLA Purnesh Modi filed a defamation case.

Former Deputy Chief Minister Sushil Kumar Modi has also registered this case in Patna. In London, Lalit Modi has also spoken about dragging Rahul to the dock.

Perhaps Rahul would not have even imagined that the lower court could give such a verdict, as a result of which his Lok Sabha membership could also be cancelled! He kept shouting again and again that he is Gandhi, he does not intimidate, Gandhi does not even apologise.

It was an expression of his arrogance and haughtiness, although in some cases he has apologized in writing to the court. Now the judgment of the sessions court judge has made it clear that the law is same for all. The Gandhi family is not above the law and the Constitution.

The judge also remarked that the removal or disqualification of Gandhi as an MP cannot be termed as 'irreparable harm' or loss under Section 8(3) of the Representation of the People Act, 1951. Had he not been sentenced, the spat would have continued. However, this one decision can deepen the political crisis of 2024 for the Congress. Assembly elections are going on in Karnataka.

OBCs there are about 54 percent, so the BJP has already raised the issue of insulting OBCs. Prime Minister himself comes from this class and he has been insulted, so he raised this issue in election public meetings, so Congress knows very well which way the election can turn.

Rahul's speech used abusive words, but the irony is that Congress is defending him too! Big leaders along with Rahul, all the three chief ministers also went to Surat in a bus. Congress spokespersons can give absurd arguments like Adani, Yogi, Hathras, Unnao, goli maaro saalon ko... but what about criminal defamation?

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# It is very important to save the natural wealth of the earth

Every day is Earth Day. We should start investing for a safer climate from today itself. Earth is the same for all of us. World Earth Day was celebrated for the first time in 1970 and since then around 192 countries have started celebrating it annually on 22 April on a global basis. Earth is the only known planet in the entire universe on which life is found. To save the life on the earth, it is very important to maintain the natural wealth of the earth. The most intelligent creation on this earth is the human being. The risk of healthy life on earth can be reduced by adopting some small measures, such as planting trees, preventing deforestation, reducing the use of vehicles to prevent air pollution, unnecessary use of electricity. Increasing energy conservation by reducing These small steps can become big steps if it is followed by the whole world together. Global warming is the major global environmental problem of the present time. This is such a topic that the amount of survey and review on it will be less. Today, global warming remains a matter of concern for politicians, environmentalists, social workers and scientists at the international level. Global warming has started changing the position and speed of not only the earth but the entire universe. Natural calamities like floods, droughts, earthquakes, cyclones or tsunamis have started appearing as threats. Due to the increasing temperature of the earth, the habits of animals and animals are also changing. This is affecting the entire biological cycle. The natural time for birds to hatch eggs and animals to conceive is getting pushed back. Many species are on the verge of extinction. The population of the country has increased more than four times in the last one century. The pressure of this population has also increased a lot on natural resources. The increase in urban population has increased the pressure on air, water and land. Where forests have been cleared for living, people have built residential complexes on the banks of rivers and lakes. Population growth has also increased the pressure on the agriculture sector. Trees are the biggest protectors of water. Its harvesting in large quantities has also affected the water level. The rivers near all big and small cities are most polluted. According to Indian culture, considering tree plantation as a sacred religion, a plant is considered equal to many sons and their destruction is called a sin. Our forefathers used to see the entire nature as God. Since ancient times, for the purpose of protection of animals and forest creatures in the life of man, it has been addressed as the ride of Gods and Goddesses. How fortunate are the trees that live for charity. Their greatness is that they protect us even after tolerating heat, wind and rain. Destruction of forests is most dangerous for nations and for mankind. The welfare of the society depends on the flora and nature is the reason for the pollution of the environment and due to the destruction of the vegetation many diseases are born which ruin the nation. Then human diseases can be cured by increasing the nature of medicinal plants. If not warned in time, it is possible for an unknown disease to spread in the form of an epidemic. If the population pressure is not controlled and the environment is not protected, then in the long run some such diseases may arise, whose treatment is not possible. In such a situation, it will be very painful for the creatures of the earth. Therefore, whatever measures we have to adopt to save the earth, it should be done by taking a quick decision.- Dr. Nandkishore Shah

# TV Journalism: What kind of live reporting is this, if the killers try to escape while firing...

Is everyone wondering who will be the next live murder now? Or will the channel keep a distance of two hands from murderers like Atiq? Some say that thanks to the promptness of the news channels, the country witnessed the live murder of Atiq and Ashraf. Some say that why did the cameras go to the hospital at 10.30 pm? Why is the sound bite of dreaded killers like Ateeq Ahmed necessary? Why was the live murder shown on the channels? News channels are not only watched by strong hearted adults in homes, elders and children also watch them. Once the live murder went on, but later the pictures could be blurred. But not done. A living person turned into a corpse in no time and the news anchors kept linking it to the end of the terror. Let's assume for a while that since Vikas Dubey's car overturned, he was killed in an encounter, so a similar incident could have happened to Atiq Ahmed as well, seeing this news channels escorted Atiq from Ahmedabad to Prayagraj . Atiq also repaid the favor for this. He said that it was only because of the media that he could reach safely. But after that why there was a need to put the mike in the mouth every time Atiq came in front of him? Atiq was not going to tell how to avoid the next wave of Corona. Nor was he going to invent a formula to remove inflation and unemployment. He was neither going to lecture on the plight of prisoners in the jail, nor was he going to impart some knowledge on police reforms. After all, why is the sound bite taken of murderers and accused like Atiq Ahmed? Even bigger question is why did the police allow the sound bite to be taken. What would have happened if the murderers tried to run away from there after committing the murder? There was chaos. Neem was dark. Cameramen and reporters were running hither and thither. In such a situation, if the murderers used to shoot at the police while trying to escape, the police would also fire in response. Then the cameramen could also come under the grip and also the reporters doing live reporting. By the way, the family members of media persons working on payroll would have got the insurance amount, but what would happen to the rest of the stringers, digital media people? Taking a lesson from this, what new guidelines will the owner-editor of the news channel issue? By law, the Indian Broadcast Standards Authority should have decided by meeting by now, but nothing like this is going to happen. On the contrary, a channel has given a reward of five lakh rupees to the cameraman and reporter who shot the live murder. So is it to be believed that henceforth those covering killers like Atiq will wear bullet proof jackets and present examples of brave reporting? Talked to old colleagues of many channels on this incident. He reminded that the police do not give complete information in such cases, so the channels have to resort to sources, giving unconfirmed information under compulsion. In the year 2010, the Union Home Ministry urged the states that in sensitive cases there should be no media parade of the accused or the convicts. Also, there should be a separate police officer appointed in such a case, who would answer the questions of the media. But this does not happen. That's why news channels go on doing all that they shouldn't. Its result becomes like Atiq Kand. Now every child has come to know that a camera, a mic and a channel strap around the neck is enough to take you closer to people like Atiq. This is not the first time this has happened. Three years ago, a contract killer from Chechnya was hired by Russian agencies to kill a celebrity in Ukraine, who met his target posing as a representative of a French newspaper. The man who assassinated Shinzo Abe in Japan last year also managed to get close to the former prime minister by being a media representative. During the presidential election in Mexico, the drug mafia sent a shooter to the election rally disguised as a TV journalist. Is everyone wondering who will be the next live murder? Or will the channel keep distance from murderers like Atiq?

# BJP's new questions

Himachal BJP had lost a lot in the earlier elections and now a president Suresh Kashyap had to go. Just before the Shimla Municipal Corporation elections, but in the calculation of the upcoming Lok Sabha elections, the presence of an MP in the reins of the state BJP was considered irrelevant. In many ways, the BJP high command has adopted Himachal. Many types of freedoms were given to the party and the government in Himachal and the Prime Minister Narendra Modi himself in his incarnation also tried to irrigate by giving charismatic power, but the resolve to change the custom fell flat. Such a question was raised even when, despite losing four by-elections at once, the State President and the then Chief Minister were considered healthy and mentors of one umbrella powers, avoiding the churning of the BJP. At that time, the lullabies of the BJP were making their loved ones sleep peacefully, but somewhere among the workers there must have been a feeling of the pain of weak leadership. The national president of the party, Jagat Prakash Nadda, who became the 'elephant's foot' for the state BJP, has undoubtedly been dominated, but the structure required for attendance on the ground has been ignored somewhere. In the last election, amidst the storms of ticket allocation and rebellion in the field, solutions may have been cultivated, but the weeds within the party have not gone away. In such a situation, Kashyap's resignation is not unexpected, but also the message of BJP's upcoming strategy and the beginning of new equation and balance between the party family. For the new president's innings after the departure of Suresh Kashyap, the BJP will try to give new messages to its history and the geographical potential of the state. The mission repeat of the party has apparently hit the brakes in the low lying areas including Kangra. In such a situation, there is also a possibility that this time the land of Kangra should be carved for the leadership of the party.This fact cannot be avoided. How many ministers have become untouchable due to the allocation of financial powers in the name of power or how many leaders have become crippled in the center of the government, this also has to be considered. Of course, the BJP has not yet given up on its morale and this budget session has come and proved that how the ruling Congress has been brought up by the opposition, but the successful role of the BJP does not mean that the party has corrected its internal flaws. Have done. How balanced, how independent and how explosive the next journey is will depend on how the party presents its new president.

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर विशाल जल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ

एन.राज शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-भगवान परशुराम जयंती पर्व पर शनिवार को ब्राह्मण समाज की ओर सेविशाल जल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ इस विशाल विशाल जल वितरण कार्यक्रम में भगवान परशुराम के जीवन पर आधारित अनेक आर्कषक कार्यक्रम किये पंडाल भगवान परशुराम के जयकारों से गूंज उठा। यह कार्यक्रम पर विशाल आरती के साथ प्राम्भ हुआ उसके बाद शीतल व मीठे जल का वितरण हुआ ब्राह्मण समाज के नितिन शर्मा, एन. राज शर्मा , सुभाष शर्मा ,बब्लू शर्मा, नक्श राज शर्मा,विक्की शर्मा,हिमांशु शर्मा, गोपाल शर्मा, अजय शर्मा, विपिन शर्मा,संजीव शर्मा, मनोज शर्मा,अमित शर्मा, टीटू शर्मा आदि वरिष्ठ विप्रजनों के नेतृत्व में विशाल जल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में दससराय पुलिस चौकी के सामने आज प्रात: से ही शीतल व मीठे जल का प्रबंध किया गया था। कार्यक्रम में मंगल सेन सैनी पूर्व पार्षद, मोनू पाल, चन्द्र भान सैनी पार्ष , प्रदीप शर्मा ( विश्व हिंदू महासंघ जिलाध्यक्ष ),सोनू प्रताप ( महानगर मंत्री पिछड़ा वर्ग भारतीय जनता पार्टी ),चंद्र कुमार प्रजापति ( महानगर उपाध्यक्ष भाजपा ) का भव्य स्वागत किया गया।



परशुराम वशजों ने शीतल व मीठे जल का वितरण कर कार्यक्रम संपन्न किया। इस मौके पर नितिन शर्मा, एन. राज शर्मा , सुभाष शर्मा ,बब्लू शर्मा, नक्श राज शर्मा ,विक्की शर्मा ,हिमांशु शर्मा, गोपाल शर्मा, अजय शर्मा, विपिन शर्मा ,संजीव शर्मा, मनोज शर्मा ,अमित शर्मा, टीटू शर्मा, सुमित शर्मा ,शिबम आदि मौजूद थे।

# ईदगाह में जुटे नमाजी, सजदे में झुकाया सिर...मांगी तरक्की दुआ

## एक दूसरे से गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद



मुरादाबाद- ईद के दिन ईदगाह में बड़ी संख्या में जुटे



नमाजियों ने सजदे में सिर झुकाया।

ईद की नमाज अदा कर अल्लाह से तरक्की, अमन चैन की दुआ की। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदि ने ईदगाह पहुंचकर व्यवस्था की निगरानी की। सुबह से ही ईद की नमाज को लेकर उत्साह रहा।

तय समय पर ईदगाह में अकीदतमंदों ने नमाज अदा की। शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद, नायब शहर इमाम सैय्यद मुफ्ती फहद अली ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। जन प्रतिनिधियों ने भी नमाज अदा करने के बाद बाहर आने वाले से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

# बनारस के लिए चलेंगी दो स्पेशल ट्रेनें



मुरादाबाद- मुरादाबाद। उत्तर रेलवे ने देर शाम तीन समर स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। इनमें से दो का संचालन 23 अप्रैल को शुरू होगा। एक ट्रेन आनंद विहार से तो दूसरी बठिंडा से वाराणसी सिटी के लिए चलेगी। दोनों ट्रेनों में एसी, स्लीपर व जनरल कोच में यात्री सफर कर सकेंगे। ( 04530 ) बठिंडा-वाराणसी सिटी स्पेशल एक्सप्रेस 23 अप्रैल से 14 मई तक हर रविवार व बुधवार को रात 8÷55 बजे बठिंडा से चलेगी। अगले दिन सुबह 6÷20 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी। जबकि शाम 5÷45 बजे वाराणसी सिटी पहुंचाएगी। ( 04529 ) वाराणसी-बठिंडा स्पेशल एक्सप्रेस 24 अप्रैल से 15 मई तक हर सोमवार व बृहस्पतिवार को चलेगी। वाराणसी से रात 8÷15 पर चलकर सुबह 9÷10 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी। शाम 7÷10 बजे बठिंडा पहुंचाएगी। रास्ते में यह ट्रेन बरनाला, धुरी, पटियाला, रजपुरा, अंबाला, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आलमनगर, लखनऊ, प्रतापगढ़ स्टेशनों पर ठहरेगी। ( 04052 ) आनंदविहार-वाराणसी सिटी स्पेशल एक्सप्रेस 23 अप्रैल से 14 मई तक हर शुक्रवार व रविवार को आनंद विहार से रात 11 बजे चलेगी। रात 2÷30 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी व अगले दिन शाम 4÷30 बजे वाराणसी सिटी पहुंचेगी। ( 04052 ) वाराणसी सिटी-आनंदविहार स्पेशल एक्सप्रेस वाराणसी से हर शनिवार व सोमवार को शाम 6÷45 बजे चलेगी। सुबह 10÷20 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी व दोपहर 1÷20 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। रास्ते में गाजियाबाद, मुरादाबाद, चंदौसी, आलमनगर, लखनऊ, प्रतापगढ़ स्टेशनों पर ठहरेगी। इन ट्रेनों के अलावा ( 04518 ) चंडीगढ़-गोरखपुर स्पेशल एक्सप्रेस 27 अप्रैल से 29 जून तक हर बृहस्पतिवार को रात 11÷45 बजे चलेगी। सुबह 6÷20 बजे मुरादाबाद व शाम 6 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में ( 04517 ) गोरखपुर-चंड़ीगढ़ स्पेशल एक्सप्रेस हर शुक्रवार को रात 10÷05 बजे चलेगी। अगले दिन सुबह 8÷10 बजे मुरादाबाद व दोपहर 2÷10 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। रास्ते में अंबाला, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आलमनगर, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती स्टेशनों पर ठहरेगी।

# गर्जिया देवी मंदिर दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं का वाहन पलटा, एक की मौत, दस लोग घायल

मुरादाबाद- मुरादाबाद के भगतपुर थानाक्षेत्र में दलपतपुर अलीगंज मार्ग पर खैरखाता गांव के पास श्रद्धालुओं का वाहन बिजली के खंभे से टकराकर पलट गया।

इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई जबकि दस घायल हो गए। हादसे के समय डीसीएम सवार श्रद्धालु बदायूं के इस्लाम नगर से राम नगर स्थित गर्जिया देवी मंदिर पर दर्शन और भंडारा करने जा रहे थे।

घायलों को मूंढापांडे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदायूं के इस्लाम नगर निवासी लोग डीसीएम में सवार होकर गर्जिया देवी मंदिर जा रहे थे। जिसमें महिला, बच्चे समेत 40 लोग सवार थे। बताया जा रहा है

कि वाहन दलपतपुर अलीगंज मार्ग पर खैरखाता गांव के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान चालक को नींद का झपकी आ गई। जिससे डीसीएम अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। इसके बाद सीसीएम सड़क किनारे खाई में पलट गई। वाहन में फंसे लोगों की चीख पुकार सुनकर लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

इसके बाद पुलिस को सूचना दी।पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को मूंढापांडे अस्पताल भिजवा दिया,

जहां चिकित्सकों ने घायल प्रदीप पुत्र हरद्वारी लाल को मृत घोषित कर दिया। प्रदीप बदायूं के इस्लाम नगर निवासी था। मूंढापांडे थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि घायलों को मूंढापांडे अस्पताल में भर्ती कराया है।

ताज़ा खबरों के लिए देखे
www.knlslive.com
www.knlslive.com




# विवाद की जड़ बना मोबाइल फोन, बातचीत से रोका तो साले ने पीटा

मुरादाबाद- मझोला थाना क्षेत्र में रहने वाले एक दंपति के बीच मोबाइल फोन विवाद की जड़ बन गया। पति ने पत्नी को मोबाइल फोन पर बातचीत करने से रोका तो महिला आपे से बाहर हो गई। उसने शिकायत पिता व अपने भाई से की। मौके पर पहुंचे साले व ससुर ने दामाद को बेरहमी से पीटा। पीड़ित दामाद की तहरीर पर मझोला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग दर्ज करते हुए घटना की जांच शुरू कर दी। मझोला थाना क्षेत्र में जयंतीपुर करूला के रहने वाले अरकान पुत्र असगर अली ने थाने में तहरीर दी। पुलिस को बताया कि उसका निकाह दस वर्ष पहले नेहा के साथ हुआ। थाना क्षेत्र में ही गागन वाली मैनाठेर की रहने वाली नेहा फिलहाल तीन बच्चों की मां है। अरकान को संदेह है कि उसकी पत्नी पड़ोस में रहने वाले कासिम से चोरी छिपे मोबाइल फोन पर बातें करती है। ऐसे में वह अपनी पत्नी पर नजर रखने लगा। पति का दावा है कि पड़ोसी से मोबाइल फोन पर बातचीत के दौरान पत्नी को वह कई बार पकड़ चुका है। इसको लेकर दंपति में विवाद शुरू हो गया। तीखी नोकझोंक के बीच शुक्रवार को नेहा ने आपा खो दिया। पति द्वारा चरित्र पर लगातार उठाई जा रही अंगुली से नेहा इस कदर विचलित हुई कि उसने अपने पिता व भाई को फोन पर सारी बात बता दी। महिला के मायके वाले कुछ ही देर में बेटी के पास पहुंच गए। फिर दोनों ने अरकान की पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद नेहा को अपने साथ ले गए। इधर तीन बच्चों का पिता अरकान पत्नी के तीखे बर्ताव व ससुरालियों के हमलावर रुख से हलकान है। उसने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। तहरीर के आधार पर मझोला पुलिस ने अरकान के साले सरफराज व आहयद के अलावा ससुर कमरूल के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज करते हुए घटना की जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक मझोला विप्लव शर्मा ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# मकान पर जड़ा ताला, जान से मारने की दी धमकी, पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद- मझोला थाना क्षेत्र में एक मकान में ताला जड़ने व विरोध पर धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पाकबड़ा में सब्जीपुर निवासी प्रेमपाल ने कोर्ट में याचिका दाखिल की। बताया कि मझोला थाना क्षेत्र में भदौरा शिवनगर निवासी मोहन लाल व उसके बेटे पंकज व अभय ने घर में घुसकर न सिर्फ चोरी की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित के अनुसार 20 जनवरी 2022 को उन्होंने मोहन लाल के एक मकान का बैनामा अपने नाम कराया। रजिस्ट्री के बाद उन्होंने मकान पर ताला लगा दिया। जहां सीमेंट व सरिया रखा था। पीड़ित के अनुसार आरोपी मोहन व उसके दोनों बेटों ने ताला तोड़कर न सिर्फ सामान की चोरी की, बल्कि दरवाजे पर अपना ताला लगा दिया। आठ जनवरी 2023 को प्रेमपाल ने आरोपी मोहनलाल से मकान खाली करने को कहा। तब आरोपी गाली गलौज व मारपीट पर उतारू हो गए। आरोपी पिता-पुत्र ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने प्रकरण से किनारा कर लिया। तब पीड़ित ने कोर्ट में याचिका दाखिल की। प्रभारी निरीक्षक मझोला विप्लव शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# चुनाव अधिकारियों ने डीके शिवकुमार के परिवार के हेलीकॉप्टर की जांच की, कांग्रेस नेता ने कही यह बात




शिवकुमार की पत्नी उषा, उनका बेटा, बेटी और दामाद धर्मस्थल मंजूनाथ स्वामी मंदिर में पूजा करने के लिए तीर्थ यात्रा पर गए थे। हेलीकॉप्टर जैसे ही धर्मस्थल पर उतरा चुनाव अधिकारी हेलीकॉप्टर की जांच के लिए पहुंच गए। चुनाव अधिकारियों ने शनिवार को एक निजी हेलीकॉप्टर की तलाशी ली। इस हेलीकॉप्टर में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार का परिवार बंगलूरू से दक्षिण कन्नड़ जिले के धर्मस्थल की यात्रा पर गया था। इस मामले को लेकर डीके शिवकुमार ने कहा कि भाजपा चाहे कुछ भी करे हम सत्ता में आएंगे। मैंने पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस को सत्ता में लाने की सलाह दी है। यहां तक कि भाजपा के कुछ लोग उनेसे तंग आ चुके हैं। अब भाजपा बंटी हुई है। शिवकुमार की पत्नी उषा, उनका बेटा, बेटी और दामाद धर्मस्थल मंजूनाथ स्वामी मंदिर में पूजा करने के लिए तीर्थ यात्रा पर गए थे। हेलीकॉप्टर जैसे ही धर्मस्थल पर उतरा चुनाव अधिकारी हेलीकॉप्टर की जांच के लिए पहुंच गए। चुनाव आयोग को बताया गया कि यह चुनाव ड्यूटी पर जाने वाला हेलीकॉप्टर नहीं है। इसके बाद पायलट ने हेलीकॉप्टर की जांच की जरूरत जानने की कोशिश की। पायलट को एक वीडियो में कहते सुना गया कि हमने पहले ही चुनाव आयोग को पत्र दे दिया है। यह वीडियो वायरल हो रहा है। चुनाव अधिकारियों ने कहा, हमें हेलीकॉप्टर की जांच करनी है। इसपर पायलट ने जवाब दिया, यही तो मैं कह रहा हूं कि यह चुनावी हेलीकॉप्टर नहीं है। हम पहले ही इस मामले में पत्र दे चुके हैं कि यह एक निजी चार्टर है। वैसे भी, आप जांच करे। गौरतलब है कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू है, क्योंकि यहां 10 मई को मतदान होना है। चुनाव अधिकारियों ने 31 मार्च को कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की कार को भी रोका था, जब वह चिक्काबल्लापुरा जिले के एक मंदिर जा रहे थे। चुनाव आयोग के अधिकारियों के अनुसार, जब से आदर्श आचार संहिता लागू हुई है, कर्नाटक में 253 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब नकदी, सोना, उपहार, शराब और ड्रग्स जब्त किए गए हैं।

## सिद्धारमैया ने भाजपा पर उठाए सवाल

कर्नाटक के पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने मैसूरु में कहा कि वरुणा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा का क्या योगदान है? लोग समझ गए हैं कि जो भी विकास हुआ है, वह मेरे और मेरे बेटे के कारण हुआ है।

# बेवफा बीवी का खूनी खेल: प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या, अगले दिन दराती से काटा सिर और नदी में फेंका



गाजियाबाद- गाजियाबाद में दो महीने पहले जिस शख्स के लापता होने की रिपोर्ट उसकी दूसरी बीवी ने लिखवाई थी उस मामले का अब पर्दाफाश हो गया है। मामले में जो खुलासा हुआ है उससे पुलिस भी बेहद हैरान है। दरअसल जिस बीवी ने शौहर के गायब होने की शिकायत पुलिस को फरवरी माह में दी थी उसकी हत्या उसने खुद अपने हाथ से की थी। पत्नी ने जायदाद के लिए अपने प्रेमी के साथ मिलकर इस पूरे हत्याकांड को अंजाम दिया।

## ये है पूरा मामला

ट्रानिका सिटी थाना क्षेत्र के सुधीर एन्क्लेव, राम पार्क से दो माह से लापता अधेड़ व्यक्ति की हत्या दूसरी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी। बहाने से उसे शामली लेकर जाकर दोनों ने वारदात को अंजाम दिया था। ट्रानिका सिटी थाना क्षेत्र के सुधीर एन्क्लेव, राम पार्क से दो माह से लापता अधेड़ व्यक्ति की हत्या दूसरी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी। बहाने से उसे शामली लेकर जाकर दोनों ने वारदात को अंजाम दिया था।इसी बुधवार को मृतक राजेश की पहली पत्नी की बेटी ने सौतेली मां लाल देवी और उसके प्रेमी अक्षय के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की। मामला दर्ज कर बृहस्पतिवार को पुलिस ने अक्षय फिर शुक्रवार को लाल देवी को गिरफ्तार किया। तब दोनों ने अपना जुर्म कबूला।

## इसलिए किया कत्ल

पुलिस उपायुक्त ग्रामीण ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि अक्षय करीब दो साल से राजेश के यहां किराए पर रहता था। उसका एक साल से उसकी पत्नी से संबंध हो गया था। राजेश गर्ग का 25 गज का मकान है। वह 74 गज का एक और प्लाट लेना चाह रहा था। लाल देवी दोनों संपत्तियों को अपने नाम कराना चाहती थी। राजेश संपत्तियों को पहली पत्नी की बेटी दीपिका के नाम करना चाहता था। इसी विवाद को लेकर लाल देवी ने अक्षय के साथ मिलकर उसकी हत्या करने की साजिश रची। ईंट से कूचकर हत्या- फरवरी में अक्षय का भांजा शामली के अस्पताल में भर्ती था। 17 फरवरी को अक्षय राजेश व लाल देवी के साथ भांजे को देखने के बहाने शामली गया। रात में लौटते समय ग्राम बहावड़ी थाना कोतवाली नगर शामली के पास खेत के किनारे ईंट से वार करके राजेश की हत्या कर दी। उसके मुंह में पन्नी व गले में रस्सी बांधकर गन्ने के खेत में फेंक दिया। वहां से अपने गांव भिक्की चला गया।दूसरे दिन सिर काटकर फेंका नदी में- 18 फरवरी की रात करीब 10 बजे दोनों घर से गन्ना काटने की दराती लेकर घटना स्थल पर पहुंचे। दराती से राजेश के सिर को धड़ से अलग किया। उसे पन्नी में रखकर बड़ौत में पुल से कृष्णा नदी में फेंक दिया। 19 फरवरी को ट्रानिका सिटी थाने आकर उसके लापता होने की सूचना दी। उन्होंने बताया कि हत्या में प्रयुक्त ईंट, दराती व बाइक बरामद हो गई है।

# कड़े आदेशों के बाद बड़ौत में सड़क पर पढ़ी ईद की नमाज, पुलिस से हुई नोकझोंक, डीएम-एसपी नाराज



